**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे**

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई पेमेंट के 10 वर्ष पूरा होने के शानदार सफर को बताया महत्वपूर्ण—कहा इसकी अभूतपूर्व पहुंच पर हर भारतीय को होना चाहिए गर्व।
- शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की आज पांचवी बैठक' मुख्यमंत्री हिम ऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025—2026 रखेंगे सदन में।
- आज ईद—ए—मिलाद—उन—नबी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- कुल्लू जिला में किसान फल उत्पादन के साथ बेमौसमी सब्जियों को उगाकर अपनी आर्थिकी को कर रहे मजबूत।

## प्रधानमंत्री—खेलो इंडिया संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के अंतर्गत **मेरा युवा भारत** द्वारा आयोजित किया जा रहा है। ये कार्यक्रम देश भर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। इधर प्रदेश में इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में राष्ट्रीय स्तर के 'खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन चयनित शिक्षण संस्थानों के साथ मंडी कॉलेज में भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। वहीं मेरा युवा भारत शिमला व माई भारत एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आज राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा शिमला और राजकीय महाविद्यालय संजौली में "खेलो इंडिया संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए स्थानीय 'खेलो इंडिया संवाद' और 'युवा संवाद' होगा, जिसमें खेल प्रतिभा, ओलंपिक—2036, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा जैसे विषयों पर विचार साझा किए जाएंगे।

## प्याज

केंद्र सरकार ने आगामी महीनों में प्याज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और मौसमी मूल्य दबाव को कम करने के लिए बफर स्टॉक से इसकी लक्षित आपूर्ति शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि आगामी महीनों में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए प्याज की उपलब्धता पर्याप्त है, क्योंकि 2025—26 के लिए प्याज का अनुमानित उत्पादन 307 लाख मीट्रिक टन से अधिक है और उत्पादन की अनुकूल संभावनाओं को देखते हुए, सरकार ने

2026–27 के दौरान मूल्य स्थिरीकरण कोष बफर के लिए रबी प्याज की 2 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है।

संग्रहण व्यवस्था

हमीरपुर के नादौन खंड की 63 ग्राम पंचायतों में नियमित कूड़ा–कचरा संग्रहण की व्यवस्था शुरू की जाएगी। पंचायती राज विभाग ने स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए इस विकास खंड में 14 ई–रिक्शा उपलब्ध करवाए गए हैं। योजना के तहत इन 63 पंचायतों को 14 कलस्टरों में बांटा जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में 3 से 5 पंचाायतें शामिल होंगी और एक ई–रिक्शा तैनात रहेगा। **अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता**

हिमाचल विधानसभा

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के आज छठे दिन सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरु होगी। जिसके बाद शून्यकाल में विधायकों द्वारा क्षेत्र के मुद्दे उठाएंगे जाएंगे। आज गैर–सरकारी सदस्य कार्य दिवस पर सदन में विधायकों द्वारा पांच बड़े संकल्प प्रस्तुत किए जाएंगे जिस पर चर्चा होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता।

*हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के छठे दिन की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी जिसके बाद शून्यकाल में विधायकों द्वारा क्षेत्र के मुद्दे उठाएंगे जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज सदन में दो बड़ी रिपोर्ट पेश करेंगे। पहली, हिमाचल प्रदेश विद्युत संचार निगम लिमिटेड की 17वीं वार्षिक रिपोर्ट 2024–25 और दूसरी, हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 2022–23 की वार्षिक रिपोर्ट सभा पटल पर रखेंगे। वहीं दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी आज सदन में लाए जाएंगे जिसमें नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा– शिवालिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के संचालन और उसकी लीज अवधि बढ़ाने से पैदा हुई स्थिति पर सरकार का ध्यान खींचेंगे। वहीं ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती लोक निर्माण विभाग में इलेक्ट्रिकल कामों के टेंडर इलेक्ट्रिकल ठेकेदारों को न मिलने और इलेक्ट्रिकल विंग को सिविल विंग में मिलाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे।*

चयन आयोग

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने स्कूल शिक्षा विभाग में संगीत शिक्षकों के 118 पदों को निश्चित मानदेय के आधार पर भरने के लिए पोस्ट कोड–26021 के तहत आयोजित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 63 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 58 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण अभी भी 72 पद खाली रह गए हैं। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

## मशरूम उत्पादन

उद्यान विभाग की सहायता से जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां के समलोटी गांव के मैकेनिकल इंजीनियर प्रणव धर ने बैंक की नौकरी छोड़कर मशरूम उत्पादन को अपना व्यवसाय बनाया है। उन्होंने करीब 60 से 70 लाख रुपये की लागत से आधुनिक मशरूम ग्रोइंग यूनिट स्थापित की है जिससे वे अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। **अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला सवाददाता।**

*विभाग की ओर से 15 लाख रुपये की सहायता मिली है। कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर तकनीक से लैस इस फार्म में पूरे वर्ष मशरूम उत्पादन किया जा रहा है। तीन कमरों में सालाना 50 टन से अधिक उत्पादन की क्षमता है और करीब 8 से 10 स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। पिछले छह महीनों में फार्म से करीब 40 लाख रुपये का राजस्व मिला और लगभग 8 से 9 लाख रुपये का मुनाफा हुआ। कांगड़ा में उद्यान विभाग की योजनाओं से अब तक करीब 211 बागवान लाभान्वित हो चुके हैं। सरकारी सहायता, आधुनिक तकनीक और उद्यमशीलता के दम पर युवा गांव में रहकर भी सफल व्यवसाय और रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं।*

## स्वाइन फ्लू

स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों के बीच अब हिमाचल प्रदेश में भी इस खतरनाक वायरस ने दस्तक दे दी है। कांगड़ा जिले के डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज (टांडा) में कल स्वाइन फ्लू के 4 मामले पॉजिटिव पाए गए हैं। इस वायरस ने सबसे ज्यादा छोटे बच्चों और बुजुर्गों को अपनी चपेट में लिया है। टांडा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि कल अस्पताल में स्वाइन फ्लू के कुल 8 सैंपलों की जांच की गई। इनमें से 4 सैंपलों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमित मरीजों में 72 और 85 वर्ष के 2 बुजुर्ग और 7 माह व 1 साल के दो मासूम बच्चे शामिल हैं। मामले के सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है और सभी से एहतियात बरतने की अपील की जा रही है।

## अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अधिकतर समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **दैनिक भास्कर** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है **स्टाफ नर्सों की भर्ती आउटसोर्स पर नहीं, राज्य चयन आयोग से मेरिट के आधार पर होगी।** **दिव्य हमाचल के शब्द हैं** हिमकेयर सहारा योजना बंद नहीं होगी, स्वास्थ्य मंत्री ने विधासभा में मानसून सत्र के दौरान दी जानकारी।

**अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल में स्वाइन फ्लू की दस्तक, कांगड़ा में सामने आए चार मामले।**

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई पेमेंट के 10 वर्ष पूरा होने कि शानदार सफर को बताया महत्वपूर्ण–कहा इसकी अभूतपूर्व पहुंच पर हर भारतीय को होना चाहिए गर्व।
- शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की आज पांचवी बैठक' मुख्यमंत्री हिम ऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–2026 रखेंगे सदन में।
- आज ईद–ए–मिलाद–उन–नबी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- कुल्लू जिला में किसान फल उत्पादन के साथ बेमौसमी सब्जियों को उगाकर अपनी आर्थिकी को कर रहे मजबूत।

................................